JAL-JAN JODO ABHIYAN
Water people Alliance
686, Shivaji Nagar, Jhansi, U.P.-284001, India
Contact: 09414066765, 09415114151
E-mail: jaljanjodoabhiyan@gmail.com

आदरणीय साथी, **7 मई 2017**

नमस्कार!

इस वर्ष देश के कई हिस्से भयंकर दुष्काल से प्रभावित हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पहले ऐसा जलवायु परिवर्तन का असर नहीं होता था परन्तु कुछ वर्षों में ये क्षेत्र भी सूखे और बाढ़ की चपेट में एक साथ आने लगे। आजादी के बाद से भारत की केन्द्र और राज्य सरकारों ने जल प्रबन्धन के लिए बहुत से प्रयास किए हैं। फिर भी दुष्काल और बाढ़ का बढ़ना, फसल नष्ट होना, बेमौसम वर्षा एवं ओलावृष्टि होना, भू-जल के भण्डारों का नीचे जाना, पहाड़ी क्षेत्रों में बाढ़ का आना, ये सब घटनाएं जलवायु परिवर्तन की तरफ हमें सोचने को विवश कर रही हैं। अब इस देश का अनपढ़ किसान भी खड़ा होकर बोल रहा है, कि धरती को चढ़ता बुखार और मौसम का बिगड़ता मिजाज हमें हमारी धरती और खेती से उजाड़ रहा है, हम बेघर होकर, लाचार, बेकार और बीमार बनकर शहरों की तरफ पलायन करने को विवश हैं।

हमारी सरकारें हमें राहत तो बांट रही हैं, लेकिन हमारी बिगड़ी हुई परिस्थिति से दो-दो हाथ करने के लिए हमें हमारी धरती पर खड़ा नहीं कर रही हैं। लगातार सूखे की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है और यह सूखा अकाल में बदल रहा है। 21वीं सदी के शुरूआत से ही सूखे ने भारत सहित दुनिया के सभी देशों को प्रभावित किया है। वर्तमान में **दुष्काल मुक्त भारत अभियान** को तरूण भारत संघ/जल बिरादरी/ जल जन जोड़ो के द्वारा आप सब के सहयोग से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में दिनांक **15 मई 2017 से 17 मई 2017** तक निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है।

क्रंमाक	दिनांक/समय	कार्यक्रम	स्थान	आयोजक
1	15.05.2017 समय - 11:00 अपराहन	अकाल मुक्त भारत सम्मेलन	गांधी शान्ती प्रतिष्ठान	तरुण भारत संघ/जल बिरादरी/जल जन जोड़ो अभियान
2	16.05.2017 समय - 7:30 प्रातः	जल साक्षरता चेतना एवं गंगा कटाव रोकने हेतु जल साक्षरता मार्च	राजघाट, नई दिल्ली	तरुण भारत संघ/जल बिरादरी/जल जन जोड़ो अभियान
3	16.05.2017 समय - 11:00 अपराहन	अकाल मुक्त भारत निर्माण हेतु जन सम्मेलन	जन्तर-मन्तर, नई दिल्ली	तरुण भारत संघ/जल बिरादरी/जल जन जोड़ो अभियान
4	17.05.2017 समय - 11:00 अपराहन	भारत में पेयजल सुरक्षा अधिनियम निर्माण हेतु सम्मेलन	गांधी शान्ती प्रतिष्ठान	तरुण भारत संघ/जल बिरादरी/जल जन जोड़ो अभियान

इसलिए अब हमारी जिम्मेदारी बनती है कि कटती धरती को और बिगड़ती हुई प्रकृति को बचाने के लिए जागरुक होकर अपने कामों में जुटें और सरकार का ध्यान हमारी कटती धरती को बचाने और खाली होते धरती के पेट को

जल से भरने के काम में हमारा सहयोग करने हेतु आकृष्ट करें। हम पश्चिम बंगाल, बिहार, उ0प्र0, म0प्र0, राजस्थान, हरियाण, झारखण्ड, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु आदि राज्यों में सूखा, जलवायु परिवर्तन, भूमि कटाव और बहाव से बचने के लिए भारत सरकार से मांग करने हेतु **16 मई 2017 को महात्मा गांधी समाधि स्थल से संसद मार्ग जंतर-मंतर तक दुष्काल मुक्त भारत मार्च करेंगे** और वहां पर सम्मेलन करके भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन देंगे।

आप सभी साथियों से प्रार्थना है कि अधिक से अधिक साथियों के साथ इस सम्मेलन/दुष्काल मुक्त भारत मार्च में दिल्ली पहुंचकर इन कार्यक्रमों में सहभागिता प्रदान करें। इस कार्यक्रम में प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता श्री अन्ना हजारे एवं पी0व्ही0 राजगोपाल जी की विशेष उपस्थिति रहेगी।

नोट - इस कार्यक्रम में सम्मलित होने की सूचना हमें अतिशीघ्र प्रदान करें।

श्री राजेन्द्र सिंह
जलपुरुष
jalpurushtbs@gmail.com

श्री संजय सिंह
राष्ट्रीय संयोजक
मो0 9415114151

भरत कुमार रैकवार : 8107645759
भूपेंद्र सिंह परमार : 7427091289